आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 17.12.2025 समय 1830

**समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वरोजगार योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 करोड. 22 लाख रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया।
- विकसित भारत–जी राम जी विधेयक लोकसभा में पेश, ग्रामीण परिवारों को मिलेगी सालाना 125 दिन के रोजगार की गारंटी।
- 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत प्रदेशभर में प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज लखनऊ में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।

**सीएम स्वरोजगार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3 हजार 8 सौ 48 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 करोड़ 22 लाख रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढ़ने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। श्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के दौरान लौटे प्रवासी, युवा उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्पी एवं शिक्षित बेरोजगार इस योजना के प्रमुख लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**'जन–जन की सरकार**

टिहरी जिले में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत न्याय पंचायत दिखोल गांव के श्री देव सुमन राजकीय इंटर कॉलेज, चम्बा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों जनसमस्याओं का मौके पर समाधान किया। इस दौरान जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचाने और लंबित शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

वहीं चंबा ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण ने सरकार की इस अभियान की सराहना की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जनता की परेशानियों को दूर करने का एक सशख्त माध्यम है।

वहीं जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत चंपावत, रुद्रप्रयाग जिले में प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**प्राथमिक शिक्षक भर्ती**

प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने एक हजार 6 सौ 70 रिक्त पदों पर जिलावार आयोजित हो रहे इस भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर शैक्षिक गुणांक निर्धारित किए जा रहे हैं। इसके आधार पर मेरिट सूची जारी की जाएगी।

## भारत दर्शन–शैक्षिक भ्रमण

राज्यपाल गुरमीत सिंह से देहरादून स्थित लोक भवन में भारत दर्शन–शैक्षिक भ्रमण कर लौटे छात्र–छात्राओं ने मुलाकात की। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से इस शैक्षिक भ्रमण पर गए विद्यार्थियों ने राज्यपाल से अपने अनुभवों को साझा किया। बच्चों से मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों में बदलाव और आत्मविश्वास आया है, जिसकी झलक संवाद के दौरान स्पष्ट दिखी है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने का आह्वान करते हुए कहा कि संकल्प, अनुशासन और कठोर परिश्रम से ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि बिना परिश्रम के सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती।

## मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेशभर में 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 21 दिसंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है।

## क्रिकेट मैच

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज लखनऊ में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है। पांचवां और आखिरी मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा।

## विकसित भारत–रोजगार

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशनदृग्रामीण विधेयक वीबी– जी– राम– जी को कल लोकसभा में पेश किया गया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाए जाने के पक्षधर थे और उनकी इसी भावना के अनुरूप, मौजूदा विधेयक में गरीब कल्याण और ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

## प्रतियोगिता आयोजित

बागेश्वर जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा–5 के 18 छात्र–छात्राओं के लिए मैथ विजर्ड एवं स्पेल जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं अंग्रेजी विषय के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी बुनियादी समझ को मजबूत करना है।

वहीं समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक किरण जोशी ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चार छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा।

## ड्रोन से निगरानी

देहरादून को स्वच्छ रखने के लिए अब ड्रोन के जरिए शहर की साफ–सफाई की मॉनिटरिंग की जाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 वार्डों में इस योजना को हरी झंडी दे दी गई है। इन वार्डों में अब समय–समय पर ड्रोन से खुले में कूड़ा डालने वालों पर नजर रखी जाएगी। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खन्ना ने बताया कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निगम की संयुक्त टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन से निगरानी के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों का मौके पर ही चालान किए जा रहा है।